BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सीडी सैटर्डे के साथ बागबानी सीजन की शुरूआत करें

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (24 फरवरी, 2023) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ब्रैम्पटन होर्टिकल्चरल सोसायटी (Brampton Horticultural Society) के साथ साझेदारी में, इस मार्च व्यक्तिगत सीडी सैटर्डे (Seedy Saturday) में एक बार फिर कम्युनिटी का स्वागत करती है।

हर वर्ष, सीडी सैटर्डे वसंत के बागबानी सीजन की शुरूआत करता है। यह मुफ्त, परिवार अनुकूलित कार्यक्रम ऐसी जगह पेश करता है, जहां निवासी, बागबानी और उद्यान के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं, बीजों की अदला-बदली कर सकते हैं और विशेषज्ञों को सुन सकते हैं। बागबानी के सभी नए शौकीनों और अनुभवी व्यक्तियों का स्वागत है। बच्चों की प्रोग्रामिंग भी उपलब्ध है।

इस वर्ष के स्पीकरों में शामिल हैं:

- टॉक डर्टी: सॉइल एंड द थिंग्स लिव्स इन इट (Talk Dirty: Soil and the Things Living In It) के बारे में शॉन जेम्स (Sean James)
- गार्डन्स फॉर पोलिनेटिंग इन्सेक्ट्स: फ्रेंड नॉट फोज (Gardens for Pollinating Insects: Friend not Foes) के बारे में लॉरेन जॉनसन (Lorraine Johnson)
- ग्रोइंग प्लांट्स फ्रॉम सीड्स (Growing Plants from Seeds) के बारे में केन ब्राउन (Ken Brown)
- ग्रेट टिप्स ऑन ग्रोइंग ग्रेट वेजिटेबल्स (Great Tips on Growing Great Vegetables) के बारे में जेम्स ग्राहम (James Graham)

सैंचुरी गार्डन्स रेक्रिएशन सेंटर (Century Gardens Recreation Centre) में, इन स्पीकरों और कई अन्य विक्रेताओं से जुड़ें।

**यह तारीख याद रखें**

सीडी सैटर्डे

11 मार्च, सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक

Century Gardens Recreation Centre
340 Vodden St E
Brampton, ON
L6V 2N2

अधिक विवरणों के लिए, www.brampton.ca/seedysaturday पर जाएं।

## हवाले

“यह कार्यक्रम बागबानी से कहीं बढ़कर है। यह अधिक हरियाली और स्थिरता पर केंद्रित अधिक जुड़ी हुई कम्युनिटी के बारे में है। बागबानी, कई लोगों के लिए एक साधन है और हमें आशा है कि सीडी सैटर्डे में आपसे मुलाकात होगी, चाहे आप अभी शुरूआत कर रहे हैं या फिर बीज उगाने के दूसरे सीजन के लिए तैयार हो रहे हैं।”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हम बेहद खुश हैं कि इस वर्ष फिर से यह कार्यक्रम व्यक्तिगत हो रहा है, जिसमें हम अधिक हरियाली वाले जीवन, बागबानी के स्वास्थ्य संबंधी फायदों और फूड सिक्योरिटी के बारे में सीखते हैं। हर किसी के लिए कुछ न कुछ पेश करने वाला, सीडी सैटर्डे, सफलता के एक दशक वाला प्रसिद्ध कार्यक्रम है।”

*- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन एक हरा-भरा शहर है और हम रोजाना उन मुख्य पहलकदमियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो हमारे लक्ष्य में सहायता करती हैं। सीडी सैटर्डे, हम सभी के लिए छोटी-मोटी आदतें और प्रोजेक्ट तैयार करने के तरीके पाने हेतु, सीखने का अवसर प्रदान करता है, जो बड़े बदलाव लाएंगे, जब हमारी कम्युनिटी की स्थिरता, स्वास्थ्य और तंदरुस्ती की बात हो।”

*- मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca